खुले में शौच मुक्त मिशन के समर्थन में उतरी उज्जीवन

जागरण संवाददाता, कोलकाता : देश की प्रमुख अखिल भारतीय माइक्रोफाइनेंस कंपनी उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपनी सामुदायिक विकास कार्यक्रम (सीडीपी) पहल के एक हिस्से के रूप में महात्मा गांधी की 147वीं जयंती पर बीरूबाड़ी, बाटानगर व मुजफ्फरपुर क्षेत्रों में 68 स्वच्छता शौचालय के निर्माण और नवीकरण के लिए अपना समर्थन देने की घोषणा की है। इस अवसर पर बोलते हुए समित घोष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि महात्मा गांधी की 147वीं जयंती पर इन 68 स्वच्छता शौचालयों का उद्घाटन हो रहा है। बीरूबाड़ी, बाटानगर व मुजफ्फरपुर क्षेत्र में स्वच्छता शौचालय की कमी है। लिहाजा इन क्षेत्रों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम काफी फायदेमंद साबित होगा। कंपनी की यह पहल निवासियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में कंपनी की सीडीपी टीम शौचालय, साफ-सफाई और पानी की सुविधा के निर्माण या मरम्मत द्वारा स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदायों की मदद की है।